## * MCQ [7]

1. हिंद महासागर के लिए कविता में कौन-सा शब्द आया है?

(A) चरण (B) वंशी (C) हिमालय (D) सिंधु

**जवाब :** सिंधु

2. मातृभूमि कविता में मुख्य रूप से—

(A) भारत की प्रशंसा की गई है।

(B) भारत के महापुरूषों की जय की गई है।

(C) भारत की प्राकृतिक सुंदरता की सराहना की गई है।

(D) भारतवासियों की वीरता का बखान किया गया है।

**जवाब :** भारत की प्राकृतिक सुंदरता की सराहना की गई है।

3. कविता में भारत की भूमि के लिए किन-किन शब्दों का प्रयोग किया है?

(A) पुण्य भूमि (B) स्वर्ण – भूमि (C) मातृ भूमि (D) सभी

**जवाब :** D सभी

व्याख्या : कविता में भारत की भूमि के लिए पुण्य-भूमि, स्वर्ण – भूमि, मातृभूमि जैसे शब्दों का प्रयोग कवि ने किया है।

4. कविता में किसको लहराते हुए दिखाया है?

(A) बालों को (B) घास को (C) साड़ी को (D) नदियों को

**जवाब :** D नदियों को

5. कविता में कौन-पुकार रहा है?

(A) कोयल (B) चील (C) मनुष्य (D) कोई भी नहीं

**जवाब :** A कोयल

6. आकाश को कौन चूमता है?

(A) पेड़ (B) सागर (C) नदी (D) हिमालय

**जवाब :** D हिमालय

व्याख्या : कविता में बताया है कि हिमालय आकाश को चूमता है।

7. चिड़ियाँ कहाँ चहक रही हैं?

(A) वृक्ष पर (B) हिमालय पर (C) झाड़ियों में (D) घर में

**जवाब :** C झाड़ियों में

## * सही जोड़ मिलाए : [15]

8.

| शब्द | अर्थ या संदर्भ |
|---|---|
| 1. हिमालय | A. दक्षिणी भारत के मलय पर्वत से चलने वाली सुगंधित वायु। |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | |
|---|---|
| 2. त्रिवेणी | B. समुद्र, एक नदी का नाम । |
| 3. मलय पवन | C.भारत की उत्तरी सीमा पर फैली पर्वत माला | |
| 4. सिंधु | D. भारत की प्रसिद्ध नदियाँ । |
| 5. गंगा-यमुना | E. तीन नदियों की मिली हुई धारा, संगम। |

**जवाब :** (1. → C)( 2. → E )(3. → 1)( 4. → B) (5. → D)

9.

| शब्द | अर्थ या संदर्भ |
|---|---|
| 1.रघुपति | A. एक प्रसिद्ध महापुरुष, बौद्ध धर्म के प्रवर्तक । |
| 2.श्रीकृष्ण | B. वसुदेव के पुत्र वासुदेव । |
| 3.सीता | C. श्री रामचंद्र का एक नाम, दशरथ के पुत्र । |
| 4. गीता | D.जनक की पुत्री जानकी । |
| 5. गौतम बुद्ध | E.एक प्रसिद्ध और प्राचीन ग्रंथ 'श्रीमद्भगवदगीता, इसमें वे प्रश्न-उत्तर और संवाद हैं जो महाभारत में श्री कृष्ण और अर्जुन के बीच हुए थे। |

**जवाब :** (1. → C)( 2. → B )(3. → D)( 4. → E) (5. → A)

10.

| स्तंभ 1 | स्तंभ 2 |
|---|---|
| 1. वह जन्मभूमि मेरी वह मातृभूमि मेरी । | A. यहाँ आम के घने उद्यान हैं जिनमें कोयल आदि पक्ष आदि पक्षी चहचहा रहे हैं। |
| 2. चिड़ियाँ चहक रही हैं, हो मस्त झाड़ियों में। | B. मैंने उस भूमि पर जन्म लिया है। वह भूमि मेरी माँ समान है। |
| 3. अमराइयाँ घनी हैं कोयल पुकारती है। | C. वहाँ की जलवायु इतनी सुखदायी है। कि पक्षी पेड़-पौधों के बीच प्रसन्नता से गीत गा रहे हैं। |

**जवाब :** (1. → B) (2. → C)(3. → A)

*** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ( 2 Mark )** **[12]**

11. कवि ने मातृभूमि कविता की रचना किस उद्देश्य से की है?

**जवाब :** कवि ने कविता की रचना भारत के प्राकृतिक सौंदर्य के साथ-साथ इसकी महानता एवं गौरव का गान करने के लिए की है। इसमें बताया है कि हिमालय पर्वत किस प्रकार आकाश को चूमता प्रतीत होता है। हिंद महासागर की लहरें भारत माँ के चरण स्पर्श करती हैं। इसके सीने पर बहती नदियाँ गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम स्थल आकर्षित करता है। कल-कल करते झरने मन मोह लेते हैं। मलय पर्वतों से आती ठंडी और सुगंधित हवाएँ सबकों राहत देती है।

12. महात्मा बुद्ध ने लोगों को क्या संदेश दिया?

**जवाब :** महात्मा बुद्ध ने लोगों को दया, प्रेम, परोपकार का संदेश दिया। विश्व में व्याप्त अज्ञानता को उन्होंने ज्ञान रूपी दीये की लौ से आलोकित करना चाहा।

13. 'जगमग छटा निराली', पग-पग पर छहर रही है'- पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

**जवाब :** 'जगमग छटा' निराली, पग-पग पर 'छहर रही ' है- से कवि का आशय है कि भारत के इलाहाबाद में गंगा, यमुना एवं सरस्वती बह रही हैं। इन तीनों नदियों के 'संगम' पर इनकी लहरें चारों ओर अपनी सुंदरता बिखेर देती हैं और नदियों का जल धरती को सींचता हुआ आगे बढ़ता है जिससे धरती हरी-भरी हो जाती है और फसलो रूपी सोना बिखेरती है। यह सौंदर्य सबको अपनी ओर आकर्षित करता है।

14. भारत को पुण्यभूमि और स्वर्णभूमि क्यों कहा गया है ?

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**जवाब :** भारत ऋषि मुनियों का देश है, जिन्होंने आजीवन पवित्र जीवन का संदेश भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व को दिया है। उन्होंने सत्य, अहिंसा, मानवता, भाईचारे और दया आदि का संदेश चारों ओर फैलाया । इसीलिए भारत भूमि को पुण्यभूमि कहा है। भारत नदियों का देश है और यहाँ की मिट्टी बहुत उपजाऊ है। इस कारण यहाँ भरपूर फ़सल होती है अर्थात यहाँ की मिट्टी सोना उगलती है। यही कारण है कि इसे स्वर्णभूमि कहा जाता है।

15. कविता में कवि ने किन दो महाकाव्यों के किन-किन पात्रों का उल्लेख किया है और भारतीय संस्कृति में उनका क्या महत्व है?

**जवाब :** कवि ने बाल्मिकी द्वारा रचित रामायण के नायक श्रीराम और सीता तथा वेदव्यास द्वारा रचित महाभारत के नायक भगवान श्रीकृष्ण का वर्णन किया है। राम ' पुरुषोत्तम राम' कहलाए क्योंकि उन्होंने आदर्शों पर जीवन बिताया और श्रीकृष्ण ने कर्म का संदेश दिया। सीता का चित्रण आदर्श भारतीय नारी के रूप में किया है। इनसे यह प्रेरणा दी गई है कि हमें निस्वार्थ कर्म करना चाहिए और अपने जीवन को आदर्शों पर चलना चाहिए।

16. कवि ने भारत की भूमि को युद्धभूमि और बुद्धभूमि क्यों कहा है?

**जवाब :** कवि का यह मानना है कि भारत की धरती सदा संघर्ष भूमि रही है। न जाने कितने शासकों ने भारत पर शासन किया लेकिन भारत ने अपने संघर्ष से अपनी सभ्यता और संस्कृति पर कभी आँच न आने दी । बुद्धभूमि से कवि का तात्पर्य है कि महात्माबुद्ध भारतवासियों को प्रेम, दया, सहानुभूति एवं भाईचारा का संदेश पढ़ाया जो वर्तमान में ज्यों-का-त्यों है।

*** प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए (1 Mark)** **[19]**

17. कोयल कहाँ रहती है?

**जवाब :** कोयल अमराइयों में रहती है।

18. तन-मन कौन सँवारती है?

**जवाब :** बहती मलय पवन हमारा तन-मन सँवारती है।

19. झरने कहाँ से झरते हैं?

**जवाब :** झरने पहाड़ियों से झरते हैं।

20. श्रीकृष्ण ने क्या सुनाया था?

**जवाब :** श्रीकृष्ण ने मधुर बाँसुरी बजाकर सबका मन मोह लिया और गीता का संदेश भी दिया।

21. गौतम ने किसका यश बढ़ाया ?

**जवाब :** गौतम ने भारत का यश बढ़ाया पूरे संसार को अहिंसा दया और करुणा का संदेश दिया। प्राणी जगत में सभी से प्रेम करो, संदेश दिया।

22. "नदियाँ लहर रही हैं
पग पग छहर रही हैं"

**जवाब :** 'लहर' का अर्थ होता है— पानी का हिलोरा, मौज, उमंग, वेग, जोश 'छहर' का अर्थ होता है— बिखरना, छितराना, छिटकना, फैलना कविता पढ़कर पता लगाइए और लिखिए-

23. कहाँ-कहाँ छटा छहर रही हैं?

**जवाब :** नदियों के किनारों पर नदी में तेज लहर आने पर जल दूर-दूर तक फैल जाता है और नदी तेज़ वेग में हिलोरे लेकर आगे बढ़ती है।

24. किसका पानी लहर रहा है?

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**जवाब :** गंगा, यमुना और त्रिवेणी (गंगा, यमुना एवं सरस्वती का संगम स्थल) में पानी हिलोरे लेकर उमंग, जोश एवं मस्ती से आगे बढ़ता है।

25. हिमालय पर्वत भारत की किस दिशा में स्थित है?

    **जवाब :** हिमालय पर्वत भारत की उत्तर दिशा में स्थित है।

26. भारत माँ के चरण कौन स्पर्श करता है?

    **जवाब :** भारत माँ के चरण हिंद महासागर स्पर्श करता है।

27. त्रिवेणी शब्द से आप क्या समझते हैं?

    **जवाब :** त्रिवेणी ! अर्थात तीन नदियों का समूह भारत में तीन नदियों गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम प्रयाग में होता है। यहाँ तीनों नदियाँ एक होकर बहने लगती हैं।

28. 'जगमग छटा निराली' शब्दों का क्या अर्थ है ?

    **जवाब :** 'जगमग छटा निराली' शब्दों का अर्थ है कि भारत की धरती नदियों के जल से स्वयं को सींचती है और अपार खनिज पदार्थ, औषधियाँ एवं वनस्पतियाँ प्रदान करती हैं।

29. झरनों का कैसा स्वर सुनाई देता है?

    **जवाब :** झरनों का कल-कल का स्वर सुनाई देता है, जो सबका मन मोह लेता है।

30. कोयल किस ऋतु में और कहाँ कूकती है ?

    **जवाब :** कोयल वसंत ऋतु में और आमों के बगीचों में मधुर गीत गाती है।

31. शीतल एवं सुगंधित हवाएँ कहाँ से आती हैं।

    **जवाब :** शीतल और सुगंधित हवाएँ मलयगिरि पर्वतों से चंदन की सुगंध लिए बहती है। ये भारत के पश्चिम दिशा में स्थित हैं।

32. भारत देश कैसा देश है?

    **जवाब :** भारत देश कर्म प्रधान देश है।

33. भारत की धरती पर किस-किस महापुरुष ने जन्म लिया? कविता के आधार पर बताइए ।

    **जवाब :** भारत की धरती पर मर्यादा पुरुषोत्तम राम, कृष्ण और महात्मा बुद्ध ने जन्म लिया ।

34. गीता में कृष्ण ने क्या संदेश दिया?

    **जवाब :** गीता में कृष्ण ने कर्म का संदेश दिया कि हमें निस्वार्थ भाव से कर्म करना चाहिए।

35. गौतम बुद्ध ने संसार को क्या मार्ग दिखाया ?

    **जवाब :** गौतम बुद्ध ने संसार को दया, प्रेम एवं अहिंसा का मार्ग दिखाया।

*** पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर छाँटकर लिखिए :** [15]

36. ऊँचा खड़ा हिमालय
    आकाश चूमता है,
    नीचे चरण तले झुक,
    नित सिंधु झूमता है।
    गंगा यमुन त्रिवेणी
    नदियाँ लहर रही हैं,
    जगमग छटा निराली,

Student Bro
Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

पग पग छहर रही हैं।
वह पुण्य-भूमि मेरी,
वह स्वर्ण- भूमि मेरी ।
वह जन्मभूमि मेरी
वह मातृभूमि मेरी।।

प्रश्न 1.हिमालय पर्वत भारत की किस दिशा में स्थित है?
(क) पूर्व दिशा
(ख) उत्तर दिशा
(ग) दक्षिण दिशा
(घ) पश्चिम दिशा
प्रश्न 2.भारत का विशाल सागर हिंद महासागर भारत की किस दिशा में स्थित है?
(क) पूर्व दिशा
(ख) दक्षिण दिशा
(ग) उत्तर दिशा
(घ) पश्चिम दिशा
प्रश्न 3.भारत में किन तीन पवित्र नदियों का अनोखा संगम प्रयाग में होता है?
(क) गंगा, यमुना, कावेरी
(ख) गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र
(ग) गंगा, यमुना, सरस्वती
(घ) गंगा, सिंधु, यमुना
प्रश्न 4.इस पद्यांश में कवि ने भारत भूमि को किन-किन रूपों में देखा है?
(क) पुण्य-भूमि, स्वर्ण- भूमि, जन्मभूमि, मातृभूमि
(ख) पुण्य भूमि, स्वर्ण- भूमि, कर्मभूमि, मातृभूमि
(ग) पुण्य-भूमि, स्वर्ण- भूमि, देव भूमि, मातृभूमि
(घ) पुण्य-भूमि, स्वर्ण- भूमि, युद्ध – भूमि, मातृभूमि
प्रश्न 5.कवि ने धरती को स्वर्ण – भूमि की संज्ञा क्यों दी है?
(क) कवि ने भारत की धरती पर जन्म लिया है।
(ख) कवि भारत की धरती को सोने के समान बहुमूल्य मानता है।
(ग) भारत की हरी-भरी धरती खनिज पदार्थों, औषधियों एवं वनस्पतियों से संपूर्ण है।
(घ) इनमें से कोई नहीं ।

**जवाब :** 1.(ख) उत्तर दिशा
2.(ख) दक्षिण दिशा
3.(ग) गंगा, यमुना, सरस्वती
4.(क) पुण्य-भूमि, स्वर्ण- भूमि, जन्मभूमि, मातृभूमि
5.(ग) भारत की हरी-भरी धरती खनिज पदार्थों, औषधियों एवं वनस्पतियों से संपूर्ण है।

37. झरने अनेक झरते
जिसकी पहाड़ियों में,
चिड़ियाँ चहक रही हैं,
हो मस्त झाड़ियों में।
अमराइयाँ घनी हैं


Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

कोयल पुकारती है,
बहती मलय पवन है,
तन-मन सँवारती है।
वह धर्मभूमि मेरी,
वह कर्मभूमि मेरी।
वह जन्मभूमि मेरी
वह मातृभूमि मेरी।

प्रश्न 1.कल-कल स्वर में बहते झरनों का उद्गम स्थान क्या है?
(क) नदियाँ
(ख) सागर
(ग) पर्वतीय क्षेत्र
(घ) धरती से प्रस्फुटित होकर
प्रश्न 2.चिड़ियाँ मधुरगान कहाँ करती हैं?
(क) घने जंगलों में
(ख) आकाश की ऊँचाईयों में
(ग) नदियों के किनारों पर
(घ) इनमें से कोई नहीं ।
प्रश्न 3.कोयल का मधुरगान किस ऋतु में सुनाई देता है ?
(क) वर्षा ऋतु में
(ख) हेमंत ऋतु में
(ग) वसंत ऋतु में
(घ) पतझड़ ऋतु में
प्रश्न 4.
ठंडी और सुगंधित हवाएँ कहाँ से आती हैं?
(क) दक्षिण के मलय पर्वत से
(ख) उत्तर के हिमालय पर्वत से
(ग) उत्तर-पूर्व के अरावली पर्वतों से
(घ) पश्चिम के दक्कनी पठारों से
प्रश्न 5.
पद्यांश में कवि ने भारत भूमि को किन-किन नामों से पुकारा है?
(क) धर्मभूमि, कर्मभूमि, मातृभूमि, युद्धभूमि
(ख) धर्मभूमि, कर्मभूमि, मातृभूमि, देवभूमि
(ग) धर्मभूमि, कर्मभूमि, जन्मभूमि, मातृभूमि
(घ) धर्मभूमि, कर्मभूमि, मातृभूमि, युद्धभूमि

**जवाब :** 1.(ग) पर्वतीय क्षेत्र
2.(क) घने जंगलों में प्रश्न
3.(ग) वसंत ऋतु में
4.(क) दक्षिण के मलय पर्वत से
5.(ग) धर्मभूमि, कर्मभूमि, जन्मभूमि, मातृभूमि


Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

38. जन्मे जहाँ थे रघुपति,
जन्मी जहाँ थी सीता,
श्रीकृष्ण ने सुनाई,
वंशी पुनीत गीता |
गौतम ने जन्म लेकर,
जिसका सुयश बढ़ाया,
जग को दया सिखाई,
जग को दिया दिखाया।
वह युद्ध भूमि मेरी,
वह बुद्ध-भूमि मेरी।
वह मातृभूमि मेरी,
वह जन्मभूमि मेरी ।

प्रश्न 1.कवि ने किन-किन महापुरुषों का उल्लेख किया है?
(क) राम, कृष्ण, गौतम
(ख) राम, कृष्ण, गांधी
(ग) राम, कृष्ण, विनोबाभावे
(घ) राम, कृष्ण, अशोक

प्रश्न 2.नारी जीवन का आदर्श प्रस्तुत करने वाली किस महिला का नाम कविता में उभारा गया है?
(क) सीता
(ख) राधा
(ग) द्रोपदी
(घ) मदरटेरेसा

प्रश्न 3.कृष्ण ने गीता के उपदेश में मनुष्य को क्या शिक्षा दी?
(क) लाभ कमाने की
(ख) बड़ों की सेवा करने की
(ग) कर्म करने की
(घ) एक-दूसरे का हाथ बँटाने की

प्रश्न 4.गौतम बुद्ध ने मनुष्य को क्या पाठ पढ़ाया ?
(क) प्रेम का
(ख) अहिंसा का
(ग) गीता का
(घ) इनमें कोई नहीं

प्रश्न 5.इस पद्यांश में कवि ने भारत की धरती को किन-किन नामों से पुकारा है?
(क) युद्धभूमि, बुद्धभूमि, मातृभूमि, जन्मभूमि
(ख) युद्धभूमि, बुद्धभूमि, मातृभूमि, देवभूमि


Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(ग) युद्धभूमि, बुद्धभूमि, देवभूमि, कर्मभूमि
(घ) युद्धभूमि, बुद्धभूमि, मातृभूमि, कर्मभूमि

**जवाब :** 1.(क) राम, कृष्ण, गौतम
2.(क) सीता
(ग) कर्म करने की
4.(ख) अहिंसा का
5.(क) युद्धभूमि, बुद्धभूमि, मातृभूमि, जन्मभूमि

*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए (4 Mark)** [28]

39. एक भारतवासी होने के नाते हमारे क्या कर्तव्य बनते हैं?

**जवाब :** भारतवासी होने के नाते हमारे निम्नलिखित कर्तव्य बनते हैं-
1. भारतीय संस्कृति के अनुसार मेहमानों का आदर और बड़े-छोटों सभी का सदैव सम्मान करना चाहिए ।
2. अपनी पढ़ाई की ओर पूरा ध्यान देना चाहिए ताकि बड़े होकर हम देश की आर्थिक उन्नति हेतु कार्य कर सकें।
3. सार्वजनिक स्थानों की सफ़ाई का पूरा ध्यान रखना चाहिए।
4. धार्मिक और जातीय भावनाओं से ऊपर उठकर मानवीय मूल्यों को अपनाना चाहिए।
5. पुराने रीति-रिवाज़ या ऐसे बँधन जो हमारी उन्नति में बाधा उत्पन्न करते हैं, उन्हें तोड़ देना चाहिए।
6. पढ़-लिखकर विदेशों में पलायन न करके अपने देश को ऊँचा करने का प्रयास करना चाहिए।
7. पैतृक उद्योग-धंधों को बढ़ावा देना चाहिए ।
8. देश की रक्षा हेतु प्राण न्यौछावर करने से कभी घबराना नहीं चाहिए ।
9. हमारी सभ्यता और संस्कृति अक्षुण्ण है, इसकी गरिमा को सदैव बनाए रखना चाहिए ।
10. सदा सच्चाई और ईमानदारी के पथ पर चलना चाहिए।

40. ऊँचा खड़ा हिमालय
आकाश चूमता है,
नीचे चरण तले झुक,
नित सिंधु झूमता है।
गंगा यमुन त्रिवेणी
नदियाँ लहर रही हैं,
जगमग छटा निराली,
पग पग छहर रही हैं।

**QUESTIONS:**
Q.1. इस काव्यांश में किसे ऊँचा खड़ा बताया गया है ?
(A) हिमालय को (B) आकाश को (C) सिंधु को (D) चरणों को
Q.2. इस काव्यांश में किन’नदियों का नाम आया है ?
(A) गंगा का (B) यमुना का (C) (क)-(ख) दोनों (D) सरस्वती का
Q.3. हिमालय पर्वत की क्या विशेषता बताई गई है ?
Q.4. हिमालय के नीचे की ओर क्या है और किस स्थिति में हैं ?

**जवाब :** 1. (A) हिमालय को
2. (C) (क)-(ख) दोनों

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

3. हिमालय पर्वत भारत भूमि पर खड़ा है। यह इतना ऊँचा है. कि यह आकाश को चूमता हुआ प्रतीत होता है।

4. हिमालय पर्वत के नीचे समुद्र है। वह हिमालय के चरणों में झुका हुआ है। ऐसा प्रतीत होता है कि वह हिमालय के चरणों को चूम रहा है।

41. ऊँचा खड़ा हिमालय
आकाश चूमता है,
नीचे चरण तले झुक,
नित सिंधु झूमता है।
गंगा यमुन त्रिवेणी
नदियाँ लहर रही हैं,
जगमग छटा निराली,
पग पग छहर रही हैं।

**QUESTIONS:**

Q.1. इस काव्यांश में किन'नदियों का नाम आया है ?

(A) गंगा का (B) यमुना का (C) (क)-(ख) दोनों (D) सरस्वती का

Q.2. किसकी छटा को निराली बताया गया है ?

(A) नंदियों की (B) लहरों की (C) पग की (D) जगमग की

Q.3. त्रिवेणी किन्हें कहा गया है ? वे किस रूप में हैं ?

Q.4. इन नदियों की छटा कैसी है ?

**जवाब :** 1. (C) (क)-(ख) दोनों

2. (A) नंदियों की

3. त्रिवेणी में तीन नदियाँ सम्मिलित हैं-गंगा, यमुना और सरस्वती। यद्यपि सरस्वती को नामोल्लेख नहीं हुआ है, पर ये तीन नदियाँ लहराती हुई आगे बढ़ती है।

4. इन नदियों की छटा निराली है। यह शोभा जगमगाती है। यह शोभा प्रत्येक पग पर बिखरती जान पड़ता है।

42. वह पुण्य-भूमि मेरी,
वह स्वर्ण-भूमि मेरी।
वह जन्मभूमि मेरी
वह मातृभूमि मेरी।
झरने अनेक झरते
जिस की पहाड़ियों में,
चिड़ियाँ चहक रही हैं,
हो मस्त झाड़ियों में।

**QUESTIONS:**

Q.1. कवि अपनी भूमि को कैसा बताता है ?

(A) पुण्य-भूमि (B) स्वर्ण भूमि (C) (क)-(ख) दोनों (D) सामान्य भूमि

Q.2. कवि अपने देश की भूमि को क्या कहकर पुकारता है ?

(A) जन्म भूमि (B) मातृ भूमि (C) (क)-(ख) दोनों (D) भारत भूमि

Q.3. कवि अपने देश की भूमि के लिए किन-किन विशेषणों का प्रयोग करता है ?

Q.4. झरने क्या होते हैं ?

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**जवाब :** 1. (C) (क)-(ख) दोनों

2. (C) (क)-(ख) दोनों

3. कवि अपने देश की भूमि के लिए निम्नलिखित विशेषणों का प्रयोग करता है-1. पुण्य भूमि, 2. स्वर्ण भूमि, 3. जन्म भूमि और 4. मातृ भूमि।

4. झरने पहाड़ियों को फोड़कर निकलने वाले जल-स्रोत होते हैं। ये पहाड़ियों की गोद से निकलते है। इनका पानी बहुत शीतल और मीठा होता है।

43. वह पुण्य-भूमि मेरी,
वह स्वर्ण-भूमि मेरी।
वह जन्मभूमि मेरी
वह मातृभूमि मेरी।
झरने अनेक झरते
जिस की पहाड़ियों में,
चिड़ियाँ चहक रही हैं,
हो मस्त झाड़ियों में।

**QUESTIONS:**

Q.1. झरने कहाँ से निकलते हैं ?

(A) झाड़ियों से (B) पहाड़ियों से (C) मैदानों से (D) कहीं से भी

Q.2. चिड़ियाँ क्या करती हैं ?

(A) घूमती है (B) चहकती है (C) झाड़ियों में रहती है (D) सोती है

Q.3. झरने क्या होते हैं ?

Q.4. चिड़ियों को किस अवस्था में दर्शाया गया है ?

**जवाब :** 1. (B) पहाड़ियों से

2. (B) चहकती है

3. झरने पहाड़ियों को फोड़कर निकलने वाले जल-स्रोत होते हैं। ये पहाड़ियों की गोद से निकलते है। इनका पानी बहुत शीतल और मीठा होता है।

4. चिड़ियों को मस्ती की अवस्था में दर्शाया गया है। ये झाड़ियों में मस्ती मारती रहती हैं तथा चहचहाकर अपने अस्तित्व का परिचय देती रहती है।

44. *अमराइयाँ घनी हैं*
*कोयल पुकारती है,*
*बहती मलय पवन है,*
*तन-मन सँवारती है।*
*वह धर्म भूमि मेरी,*
*वह कर्म भूमि मेरी।*
*वह जन्मभूमि मेरी*
*वह मातृभूमि मेरी।*

**QUESTIONS:**

Q.1. अमराइयों में से कौन पुकारती है ?

(A) कोयल (B) चिड़िया (C) मैना (D) तोती

Q.2. कौन-सा शब्द 'पवन' का पर्यायवाची नहीं है?

(A) वायु (B) समीर (C) अनल (D) अनिल

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

Q.3. अमराइयाँ कैसी है ? वहाँ से कौन पुकारती है ?
Q.4. हमारे तन-मन को कौन सँवारती हैं ?

**जवाब :** 1. (A) कोयल
2. (C) अनल
3. अमराइयाँ घनी हैं। इन घनी अमराइयों से कोयल पुकारती है।
4. दक्षिण भारत के मलय पर्वतं से बहकर आने वाली सुगंधित हवा हमारे तन-मन को सँवारती हैं। यह सुगंधित हवा हमारे तन-मन के श्रम का हरण कर लेती है।

45. जन्मे जहाँ थे रघुपति,
जन्मी जहाँ थी सीता,
श्रीकृष्ण ने सुनाई,
वंशी पुनीत गीता।
गौतम ने जन्म लेकर,
जिस का सुयश बढ़ाया,
जग को दया सिखाई,
जग को दिया दिखाया।
वह युद्ध-भूमि मेरी,
वह बुद्ध-भूमि मेरी।
वह मातृभूमि मेरी,
वह जन्मभूमि मेरी।

**QUESTIONS:**
Q.1. भारत भूमि पर किन-किन महापुरूषों ने जन्म लेकर इस भूमि को कृतार्थ किया है ?
(A) रामचंद्र जी ने (B) श्रीकृष्ण ने (C) गौतम ने (D) इन सभी ने
Q.2. गौतम बुद्ध ने इस भूमि का सुयश कैसे बढ़ाया ?
(क) दया-भावं सिखाकर (ख) जग को दया का मार्ग दिखाकर (ग) (क)-(ख) दोनों (घ) तप करके
Q.3. कविता में श्रीकृष्ण की किन-किन विशेषताओं का उल्लेख किया गया है ?
Q.4. गौतम बुद्ध की भारत भूमि को क्या देन है ?

**जवाब :** 1. (D) इन सभी ने
2. (C) (क)-(ख) दोनों
3. कविता में श्रीकृष्ण की दो विशेषताओं का उल्लेख किया है-1. वंशी के माध्यम से मधुरता का भाव फैलाया। 2 . महाभारत के युद्ध में अर्जुन को गीता का उपदेश देकर कर्त्तव्य का बोध कराया।
4. गौतम बुद्ध ने भारत भूमि पर रहने वाले लोगों को दया-भावना का महत्त्व बताया गया और इस जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

----- -----

Student Bro

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in